## प्रेस नोट दिनांक- 06.11.2025 जनपद प्रतापगढ़

### थाना सांगीपुर, जनपद प्रतापगढ़

थाना सांगीपुर पुलिस ने दहेज हत्या प्रकरण में 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार

थाना सांगीपुर पुलिस द्वारा क्षेत्रान्तर्गत डभियार तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया

घटना का संक्षिप्त का विवरण-
दिनांक-22.10.2025 को वादी द्वारा तहरीर दी गई कि उसकी बहन का विवाह वर्ष 2019 में रामनारायण उर्फ मोती पुत्र देवतादीन मौर्य निवासी ग्राम रंगौली डिहवा, थाना सांगीपुर, जनपद प्रतापगढ़ के साथ हुआ था। विवाह के उपरांत पति पक्ष द्वारा भैंस एवं अतिरिक्त दहेज की मांग की जाने लगी। वादी द्वारा एक भैंस दानस्वरूप दिए जाने के बावजूद दहेज की मांग व उत्पीड़न का क्रम जारी रहा। दिनांक 22.10.2025 को वादी को सूचना प्राप्त हुई कि उसकी बहन की फांसी लगाने से मृत्यु हो गई है। उक्त के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सांगीपुर पर मु0अ0सं0-201/2025, धारा 80, 85, 352, 351(3) बीएनएस एवं 3/4 डीपी एक्ट बनाम 01 नामजद अभियुक्त (पति) के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया ।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री बृजनन्दन राय एवं क्षेत्राधिकारी लालगंज श्री आशुतोष मिश्रा के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी सांगीपुर श्री मनीष कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में उ0नि0 राजीव कमल पाण्डेय मय हमराह का0 अमित कुमार द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित वारण्टी, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना सांगीपुर पर पंजीकृत मु0अ0स0-201/2025 धारा 80(2), 85 बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट से संबंधित वांछित 01 अभियुक्त रामनारायण मौर्या उर्फ मोती पुत्र देवतादीन मौर्या निवासी ग्राम रंगौली डिहवा थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र सांगीपुर के डभियार तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
01. रामनारायण मौर्या उर्फ मोती पुत्र देवतादीन मौर्या निवासी ग्राम रंगौली डिहवा थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

उ0नि0 राजीव कमल पाण्डेय मय हमराह का0 अमित कुमार थाना सांगीपुर जनपद प्रतापगढ़।

## थाना महेशगंज, जनपद प्रतापगढ़

थाना महेशगंज पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना महेशगंज के उ0नि0 शिवा प्रजापति मय हमराह कां0 रामप्रकाश यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित वारण्टी के दौरान केश नं0 127/24 धारा 128 सीआरपीसी थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़ से सम्बन्धित वारंटी अभियुक्त हरिकेश गौतम पुत्र रामखिलावन निवासी श्रीपुर थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

01. हरिकेश गौतम पुत्र रामखिलावन निवासी श्रीपुर थाना महेशगंज जनपद प्रतापगढ़।

पुलिस टीम-

उ0नि0 शिवा प्रजापति मय हमराह कां0 रामप्रकाश यादव थाना महेशगंज, जनपद प्रतापगढ़।